# हर चौराहे और सड़क पर जाम और अव्यवस्था का शिकार शहर

## स्वीकृत बल का आधा भी नहीं, भगवान भरोसे यातायात व्यवस्था, स्वीकृत है 92 बल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है आम राहगीर जहा लग रहे जाम से परेशान है वही प्रशासन के लिये भी चुनौती बन चुका है. शहर का ऐसा कोई चौराहा और सड़क नही जहा जाम न लगता हो. यातायात थाने को स्वीकृत बाल का आधा भी नही दिया गया है. जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बनाने में परेशानी होती है.**

शहर की बेलगाम हो चुकी यातायात व्यवस्था से हर कोई परेशान है. कई बार अधिकारी भी जाम में फंसते है. इस समय शादी का सीजन चल रहा है ऐसे में शहर में लोगो की भीड़ ज्यादा है. तेजी से वाहनो की संख्या बढ़ी है लेकिन आज भी यातायात थाने के



पास पुराना बल है. शहर के विस्तार के साथ चौराहे भी बढ़े लेकिन जो स्वीकृत बल है उतना भी उपलब्ध नही कराया गया. किसी तरह से यातायात व्यवस्था चल रही है. ऐसे कई व्यस्त चौराहे है जहा सबसे ज्यादा भीड़ लगती है और जाम की स्थित बनती है. सुभाष चौक, इंटौरा बाईपास, नया बस स्टैण्ड, रतहरा बाईपास, पुलिस लाइन चौराहा, गुढ़ चौराहा, खन्ना चौराहा, व्यंकट तिराहा, अस्पताल चौराहा, पीटीएस चौक, मृगनयनी चौक सहित अमहिया रोड़, व्यंकट रोड़, बिछिया अस्पताल के पास सुबह से लेकर रात तक भारी भीड़ के चलते जाम और अफरा तफरी की स्थित बनी रहती है.

**केवल तीन चौराहो पर लगा है सिग्नल** -यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिये शहर के केवल तीन चौराहो पर ही ट्राफिक सिग्नल संचालित है. कालेज चौक, मार्तण्ड तिराहा एवं ढ़ेकहा तिराहे में सिग्नल लगाय गया है. जबकि आवश्यकता कई चौराहो में है जहा पर यातायात का दबाव ज्यादा है. इतना बड़े शहर में केवल तीन जगह सिग्नल है, जबकि आवश्यकता कई चौराहो में है जहा सिग्नल लगने चाहिए. चोरहटा-रतहरा मार्ग में जो कट खुले हुए थे उनमें से अधिकांश को बंद कराया गया है ताकि सड़क दुर्घटना कम हो.

### यातायात थाने में स्वीकृत बल

यातायात थाने में जितना बल स्वीकृत है उसका आधा भी नही है. सूत्रो की माने तो शहर की यातायात व्यवस्था के लिये 92 का बल स्वीकृत है जबकि यातायात प्रभारी सहित केवल 36 जवान ही पदस्थ है. उप निरीक्षक के 9 पद स्वीकृत है और एक भी पदस्थ नही है. वही सूबेदार के तीन पद स्वीकृत है जिसमें सिर्फ दो ही भरे है. प्रधान आरक्षक के 11 पद है और 7 पदस्थ है. आरक्षक के 61 पद स्वीकृत है जिसमें केवल 19 तैनात है. बल की भारी कमी के चलते यातायात व्यवस्था पटरी पर नही आ पा रही है. कई वर्षो से स्वीकृत बल प्रदान किये जाने के लिये पत्राचार होता रहा पर बल नही दिया गया. जब तक पर्याप्त बल नही होगा तब तक यातायात व्यवस्था बेहतर नही हो पाएगी.



# जांच करने पहुंची संभागीय टीम बगैर लाइसेंस चल रहा था ढाबा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, यूपी-एमपी बार्डर पर स्थित चाकघाट में संभागीय उड़न३दस्ता दल ने ढ़ाबो में औचक निरीक्षण किया. जहा साफ सफाई का अभाव मिला, वही बगैर लाइसेंस के ढ़ाबा संचालित पाया गया. कार्यवाही के दौरान खाद्य पदार्थ के नमूने भी एकत्र किये गये.**

मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एसडीएम त्योंथर के नेतृत्व में संभागीय उड़न दस्ता प्रभारी अमरीश दुबे एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी साबिर अली द्वारा इलाहाबाद रोड चाकघाट स्थित ढाबों की जांच का अभियान आरंभ किया गया. जांच के दौरान सर्वप्रथम अन्नपूर्णा ढाबा चाकघाट की जांच की गई. ढाबे मैं गंदगी में खाद्य पदार्थों का संग्रह एवं विक्रय किया जा रहा था. ढाबे से दाल एवं चावल के नमूने लिए गए. इसके पश्चात चंदिया स्थित संगम ढाबा की जांच की गई जहां खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कोई लाइसेंस नहीं पाया एवं संचालक शिवलखन यादव द्वारा खुले में खाद्य पदार्थों को तैयार करके रखा जा रहा था एवं किचन में अत्यधिक गंदगी पाई. संचालक के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है. जांच के दौरान मिश्रा ढाबा गंग तीरा की जांच की गई जांच के दौरान पनीर एवं खड़े धनिया के नमूने शंका के आधार पर जांच हेतु लिए गए हैं. पूर्व में भी महाकुंभ के दौरान मिश्रा ढाबा से लिया गया दही का नमूना अव मानक पाए जाने से प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है. जांच के दौरान बाघेड़ी स्थित ललू मिष्ठान भंडार से पनीर एवं दूध के नमूने भी जांच हेतु लिए गए हैं.

# बसामन मामा, भैरवनाथ मंदिर एवं गोविंदगढ़ में खुलेंगे वेलनेस सेंटर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, पर्यटन क्षेत्र में वेलनेस सेंटर खोला जाएगा. बसामन मामा, भैरवनाथ मंदिर एवं गोविंदगढ़ में खोले जाने की स्वीकृत प्रदान की गई है.**

जिला आयुष मिशन सोसायटी की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में जिले में पर्यटन क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए आयुष सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से बसामन मामा, भैरवनाथ मंदिर एवं गोविंदगढ़ में वेलनेस सेंटर खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी. उक्त तीनों स्थानों में 10 विस्तर का आयुष चिकित्सालय खोला जायेगा. बैठक में जिले के 20 जीर्ण-शीर्ण भवनों में संचालित आयुष औषधालयों में के लिए नवीन भवन निर्माण एवं 5 ग्रामों को आयुष ग्राम के तौर पर विकसित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी.

बैठक में मऊगंज के जिला चिकित्सालय में आयुष विंग की स्थापना का भी अनुमोदन किया गया. इस अवसर पर संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. शिवराम साकेत, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, पीडब्ल्यूडी के सहायक यंत्री शैलेन्द्र दुबे तथा उद्योनिकी विभाग से श्रीमती आंचल शर्मा उपस्थित रहें. वेलनेस सेंटर खुलने से स्थानीय लोगो को भी राहत मिलेगी.

# कलेक्टर ने की भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विभिन्न विभागों के भू अर्जन संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी संबंधित भू अर्जन प्रकरणों में अवार्ड पारित होने की कार्यवाही करायें.**

धारा 11 व धारा 19 में प्रकाशन की कार्यवाही समय पर सुनिश्चित हो. बैठक में कलेक्टर ने धारा प्रकाशन के उपरांत भू अर्जन की कार्यवाही करते हुए संबंधितों को मुआवजा का भुगतान कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये. उन्होंने आपसी सहमति से भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देशित किया. बैठक में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन शाखा को निर्देशित किया गया कि पोर्टल में प्रकरणों को दर्ज करें.

## संक्षिप्त

### आनंद महोत्सव आज

**रीवा,** समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी समरसता, सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से आगामी 13 फरवरी को मानस भवन में आनंद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में चित्रांश परिवार कायस्थ समाज के अध्यक्ष सुशील खरे एवं महिला प्रकोष्ठ सचिव डा. नीलम श्रीवास्तव ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. शैलबाला श्रीवास्तव होंगी. यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से सायं 7 बजे तक चलेगा. इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुमुद श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, मीता निगम, पल्लवी श्रीवास्तव, डा. माया श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहेंगी.

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन आज से

**रीवा,** वनाधिकार के लंबित दावों के निराकरण के लिये विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा. दो दिवसीय ग्राम सभा 12 एवं 13 फरवरी को आयोजित होगी. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने समस्त जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि विशेष ग्राम सभा में वन अधिकार समिति के सदस्य, सरपंच व सचिव की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए वनाधिकार के लंबित दावों का निराकरण करायें.

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगेंगे

**रीवा,** रीवा एवं मऊगंज के चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के सभी बच्चों (जन्म से 18 वर्ष) में दिव्यांगता की पहचान के लिए स्क्रीनिंग शिविर आयोजित कर चिन्हांकन की कार्यवाही पूर्ण करायी गयी थी. चिन्हांकित बच्चों को शिविर के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे. जनपद पंचायत रायपुर में 16 फरवरी को, सिरमौर में 17 फरवरी को, जवा मे 18 फरवरी को, त्योंथर में 19 फरवरी को तथा जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र रीवा में 20 फरवरी को शिविर आयोजित होंगे. इसी क्रम में जनपद गंगेव में 23 फरवरी को, हनुमना में 24 फरवरी को, नईगढ़ी में 25 फरवरी तथा मऊगंज में 26 फरवरी को शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे.



### कमेटी गठन के लिए पार्षदों से चर्चा

**रीवा,** शहर कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा आज रीवा महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' के नेतृत्व में सभी एम.आई.सी. सदस्यों एवं पार्षदगणों के साथ वार्ड कमेटियों के गठन को लेकर बैठक में चर्चा की गई. बैठक में वार्ड स्तर पर जनभागीदारी को सशक्त बनाने, स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से गहन विचार-विमर्श किया गया. साथ ही प्रत्येक वार्ड में वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया, उनकी जिम्मेदारियाँ, कार्यप्रणाली एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के विषय में विस्तार से जानकारी साझा की गई. इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अशोक पटेल, संगठन महासचिव सज्जन पटेल, पूर्व शहर अध्यक्ष लखनलाल खंडेलवाल, रमा दुबे, नजमा बेगम, धनेंद्र सिंह बघेल, उमेश वर्मा, अकरम अंसारी, आरती बक्सरिया, सहफूज खान, गुलाम अहमद मुन्ना, रवि तिवारी, अमृत लाल मिश्रा, चिरहुला ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा, रामप्रकाश तिवारी 'डैडू' एवं अमित चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

# सड़क पर गाड़ी पार्क करने पर चले लाठी-डंडे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित फल की दुकान के सामने एक बार फिर जमकर लाठी डंडे चले.**

घटना में घायल युवक के द्वारा सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. दरअसल विवाद फल दुकान के सामने खड़ी गाड़ी को हटाने से शुरू हुआ. फरियादी सांव निवासी यश कुमार शुक्ला ने बताया कि वह दोपहर 12 बजे करीब घर से सब्जी लेने के लिए निकला था, जय स्तंभ चौराहे के पास फल की दुकान में वेगनआर गाड़ी खड़ी थी गाड़ी हटाने को लेकर कहासुनी के बीच पांच की संख्या में आए आरोपियों ने लाठी डंडों से युवक की पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. वही घटना की शिकायत करने पहुंचे युवक के पीछे मारपीट करने वाले भी पहुंच गए, जिनके साथ एक महिला भी थी. पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज देख रही है.

# दुकान में कब्जे को लेकर भिड़े दो पक्ष, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, रीवा शहर के बैजू धर्मशाला के पास दुकान के मालिकाना हक को लेकर चल रहा पारिवारिक विवाद अब मारपीट तक पहुंच गया है.**

एक महिला और उसकी बेटियों ने अपने ही सौतेले बेटो और भाइयों पर दुकान पर कब्जा करने की नीयत से मारपीट, गाली-गलौज और गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं. फिलहाल इस मामले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प देखी जा सकती है. पीड़ित महिला वर्षा वाधवानी की माने तो दुकान का मालिकाना हक उनके नाम पर है और उनके पास इससे संबंधित सभी कानूनी दस्तावेज खसरा और अन्य कागज मौजूद हैं.

वर्षा वाधवानी का आरोप है कि उसके पति की पहली पत्नी के बेटे पिछले काफी समय से उन्हें परेशान कर रहे हैं. पीड़ित महिला की बेटी ने मीडिया को बताया, वे हमें दुकान में बैठने नहीं देते. जब हम दुकान पर जाते हैं, तो वे हमारे साथ मारपीट करते हैं और भद्दी गालियां देते हैं, जिनसे हमारी जान को खतरा है. इस मामले में सीएसपी राजीव पाठक ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है. यह एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच दुकान के बंटवारे और कब्जे का पुराना विवाद है. मारपीट का एक वीडियो सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है. दोनों पक्षों की बातें सुनी गई हैं और दोनो पक्षो से जमीन के रिकार्ड मांगे गये है.

# रोजगार मेला मऊंगज में 18 को

**रीवा, 11 फरवरी,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में गुरू वशिष्ठ आईटीआई मऊगंज में 18 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा.

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के बताए हुए मार्ग पर चलें : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल कुंज में पं. दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि मनाई गई.**

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था कि समाज के सबसे आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को भी समान अवसर प्राप्त हो सके ताकि वह समाज की मुख्य धारा में आ सके. आज उनके बताये हुए एकात्म मानववाद व अन्त्योदय के सपनो को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेशों की सरकारें साकार करने का कार्य कर रही है. श्री शुक्ल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी को सच्ची श्रृद्धांजली तभी होगी जब हम उनके बताये हुए मार्गो पर चलेंगे. भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ के स्थापना के समय में जिन लक्ष्यों को निर्धारित करके आगे बढना प्रारंभ किया था. उससे घबराकर अज्ञात लोगों ने मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी थी. कार्यक्रम में मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, कमलेश्वर सिंह नरेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, राजेन्द्र पाण्डेय, ममता गुप्ता मौजूद रही.



# पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई पुण्य तिथि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक नेताओं में से एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई.**

रीवा के अस्पताल चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं गणमान्यजनों के साथ उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के संकल्प को पुन: दोहराया गया. पं. दीनदयाल उपाध्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, शरद साहू, जिला महामंत्री विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, बिजेन्द्र गौतम आदि मौजूद रहे.



# विंध्य की प्राचीन धरोहरों को बचाने ग्रीन एनवायरमेंट सोसाइटी का समर्थन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, विंध्य क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासतों, प्राचीन मंदिरों और दम तोड़ते जलाशयों को पुनर्जीवित करने के संकल्प के साथ 'ग्रीन एनवायरमेंट सोसाइटी' पिछले 10 वर्षों से निरंतर सेवा पथ पर अग्रसर है. पत्रकारवार्ता में सनातन धर्म के उत्थान और पर्यावरण संरक्षण पर गंभीर चर्चा की गई.**

वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि हमारे प्राचीन मंदिर और पवित्र जलाशय केवल पत्थर या पानी के स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सनातनी संस्कृति के प्राण हैं. इन धरोहरों को संरक्षित करना ही सच्चे अर्थों में धर्म की सेवा है. कार्यक्रम के अंतर्गत सनातन धर्म के उत्थान पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि प्रकृति और संस्कृति का संरक्षण ही हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी विरासत होगी. संस्था के उद्देश्यों को गति देने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार को ग्रीन एनवायरमेंट सोसाइटी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संस्थागत अधिवक्ता नियुक्त किया गया है. इस अभियान को अब अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज का भी प्रखर समर्थन प्राप्त है. समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित संजय त्रिपाठी, प्रदेश सचिव सतीश चौबे और रीवा जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी 'शिब्बू' ने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म के गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए वे ग्रीन एनवायरमेंट सोसाइटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे. बताया गया कि 15 एवं 16 फरवरी को धार्मिक अनुष्ठान के साथ पीपल वृक्षो का रोपण किया जायेगा.

# चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का अधिकारी स्थल भ्रमण कर देंगे रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करें.**

ब्लैक स्पाटों का संबंधित विभागीय अधिकारी स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम की उच्च स्तर से मानीटरिंग की जा रही है. अत: वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलायें तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई करें. कलेक्टर ने बैठक में कहा कि शहरी क्षेत्र में निश्चित स्थान पर ही बसों को सवारियाँ उतारने या चढ़ाने की अनुमति हो तथा हाइवे व अन्य स्थानों में ट्रक व डम्फर नियत जगह पर ही खड़े हों. उन्होंने निर्देश दिए कि चौराहों या सड़क के किनारे किसी भी प्रकार के सभा स्थल या अन्य कार्यक्रमों के लिए अनुमति देने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि इससे आवागमन तो प्रभावित नहीं हो रहा है. उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की डेथ ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए. इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी आरती सिंह, सभी एसडीएम, आरटीओ मौजूद रहे.



### फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**मऊगंज, 11 फरवरी,** पुलिस अधीक्षक मऊगंज ने विभिन्न धाराओं में आरोपी व्यक्तियों की सूचना देने पर ईनाम घोषित किया है. उन्होंने आकाश गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 18 चौकी खटखरी थाना शाहपुर पर 5 हजार रूपये एवं सन्ने ऊर्फ अलाउद्दीन खान निवासी घुरेहटा वार्ड क्रमांक 10 थाना मऊगंज की पतासाजी/ दस्तयाबी पर 2 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है.

# खनिज का अवैध परिवहन करते मऊगंज में ट्रक जब्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 फरवरी, मऊगंज जिले में खनिज का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है. बगैर टीपी के अवैध रूप से गिट्टी और रेत का परिवहन होता है.**

लगातार शिकायत के बाद मऊगंज का प्रशासन नींद से जागा है और अवैध परिवहन को लेकर जंच की कार्यवाही शुरू की गई. जहा खनिज का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रेलर को जप्त किया गया. सहायक खनिज अधिकारी द्वारा खनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई जांच के दौरान अवैध परिवहन में लिप्त ट्रेलर को जप्त कर कार्यवाही की गई.

